दिनांक : 21 .02.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- देश को हर क्षेत्र में ऊर्जावान नेताओं की जरूरत।
- सोमवार को जारी होगी किसान कल्याण निधि की 19 वीं क़िस्त।
- 89 हजार से ज्यादा मेधावी विद्यार्थियों के खातों में जारी हुई लैपटॉप की राशि
- कुसुम योजना पर अमल में प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर ।

अब समाचार विस्तार से:—

**प्रधानमंत्री-सोल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत एक वैश्विक ऊर्जा के रूप में उभर रहा है और इसके लिए हर क्षेत्र में ऊर्जावान नेताओं की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप की स्थापना विकसित भारत की यात्रा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

दो दिवसीय सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव एक प्रमुख मंच के रूप में काम करेंगे, जहां राजनीति, खेल, कला और मीडिया, आध्यात्मिक दुनिया, सार्वजनिक नीति, व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्र जैसे विविध क्षेत्रों के लोग अपनी प्रेरणादायक जीवन यात्राओं को साझा करेंगे।

**शिवराज-पीएम किसान**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी की 19 वीं किस्त जारी करेंगे। यह योजना तीन समान किस्तों में किसानों को प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए छह हजार रुपये प्रतिवर्ष प्रदान करती है। आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश भर के दो करोड़ 50 लाख किसान इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री चौहान ने कहा कि इस योजना से छोटे किसानों के जीवन में एक बड़ा बदलाव आया है।

**जैविक खेती**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जैविक उत्पादों के बेहतर मूल्य किसानों को मिल सकें, इस उद्देश्य से प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर जैविक हाट-बाजार लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि जैविक खेती करने वाले किसानों को सोलर पम्प उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रदेश में वर्तमान में लगभग 1 लाख एकड़ क्षेत्रफल में जैविक खेती हो रही है  है। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में जैविक- प्राकृतिक खेती को पाँच लाख हैक्टेयर तक ले जाने का लक्ष्य रखा जाए। मुख्यमंत्री आज किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय जैविक कृषि उत्पादन तथा मूल्य संवर्धन कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एक जिला एक उत्पाद प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

स्वास्थ्य खर्च

स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च 64 प्रतिशत से घटकर लगभग 39 प्रतिशत रह गया है। नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य संवाद-2025 के 12वें संस्करण को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और अन्य योजनाओं के तहत प्रदान की जाने वाली सेवाओं के कारण स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च में कमी आई है। श्री नड्डा ने कहा कि हाल ही में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, इस योजना में शामिल किया गया है।

**लैपटॉप वितरण समारोह**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खाते में लैपटॉप की राशि जारी की। राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल स्थित प्रशासन अकादमी में हुआ। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 2023-24 में कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खातों में 224 करोड़ रूपये की राशि जारी की । प्रत्येक प्रतिभाशाली विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लैपटॉप खरीदने के

लिये दी गयी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को लैपटॉप देते हुए जिस आनंद की अनुभूति हो रही है उसे शब्दों में बया नहीं किया जा सकता ।

वही लैपटॉप की राशि मिलने पर एक छात्रा ने अपने विचार व्यक्त किये।

**कुसुम योजना**

केन्द्र सरकार की महात्वाकांक्षी योजना कुसुम 'ए' किसानों की आय को दोगुना करने और किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक अहम योजना है। योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सभी पीपीए 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से कर लें। कुसुम 'ए' योजना में म.प्र. को चार चरणों में अभी तक 1 हजार 790 मेगावाट की सौर विद्युत गृह स्थापना का लक्ष्य दिया गया है। म.प्र ऊर्जा विकास निगम को नोडल एजेंसी बनाया है। म.प्र. ऊर्जा विकास निगम द्वारा लगभग 1001 मेगावाट के एलओए जारी कर दिये गये हैं।

**अनमोल आरसीएच पोर्टल**

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग अनमोल आरसीएच पोर्टल का नवीन संस्करण 2.0 जारी किया गया है । अनमोल आरसीएच पोर्टल एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और प्रसूताओं को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की ट्रैकिंग और प्रबंधन को सरल बनाता है। यह पोर्टल मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से मातृ शिशु संजीवन मिशन के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से जननी सुरक्षा योजना और प्रसूति सहायता योजना के भुगतान को समग्र ई-केवाईसी आधारित बनाया गया है, जिससे पात्र हितग्राहियों को समय पर और पात्रतानुसार राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

**समाचार संक्षेप में...**

- प्रदेश में शासकीय चिकित्सकों की हड़ताल लगातार दूसरे दिन भी जारी है। आज अपनी मांगों को लेकर भोपाल के हमीदिया चिकित्सालय में डॉक्टरों ने नकली दवाओं की होली जलाकर विरोध दर्ज करवाया।

- श्योपुर में कल  आदिवासी विकासखण्ड कराहल मुख्यालय में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है
- राजगढ़ कलेक्टर ने आगामी एक मार्च से प्रारंभ होने वाले समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा की।
- नर्मदापुरम जिले की इटारसी स्थित कुसुम मालपानी स्कूल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत पॉक्सो एक्ट 2012 को लेकर बच्चों को जानकारी दी गई।
- मध्य प्रदेश में अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन के विरोध में आज जबलपुर के साथ ही इंदौर, ग्वालियर हाईकोर्ट और की अदालतों में वकीलों ने काम नहीं किया।
- विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने भोपाल में आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि, हर हिन्दू परिवार में दो-तीन बच्चे होने ही चाहिए। इसको लेकर वीएचपी पूरे देश में जनजागरण करेगी।
- शाजापुर जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में डिजिटल रेडियोग्राफी मशीन का इंस्टॉलेशन किया गया। डिजिटल रेडियोग्राफी मशीन आने से मरीजों को सुविधा मिलेगी।
- झाबुआ में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम भाण्डाखेड़ा, तहसील रानापुर में छः लाख रुपये से अधिक की अवैध शराब जब्त की है।
- बैतूल जिले के पश्चिम वन मंडल के सांवलीगढ़ रेंज बैतूल वन मंडल ने 1.3 सीएमटी अवैध सागौन लकड़ी बरामद की गई।
- शिवपुरी कोतवाली पुलिस ने शहर भ्रमण के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने वाले दो डीजे संचालकों के डीजे जब्त किए हैं ।
- मंदसौर जिले में "निरोगी काया अभियान" 31 मार्च तक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जा रहे हैं।
- महाशिवरात्रि के अवसर पर देवास जिले में विभिन्न स्थानों पर शिवरात्रि मेलो के आयोजन किये जा रहे हैं ।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- देश को हर क्षेत्र में ऊर्जावान नेताओं की जरूरत।

- सोमवार को जारी होगी किसान कल्याण निधि की 19 वीं क़िस्त।
- 89 हजार से ज्यादा मेधावी विद्यार्थियों के खातों में जारी हुई लैपटॉप की राश।
- कुसुम योजना पर अमल में प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर ।